# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मित्र योजना के तहत लखनऊ–हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ में मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क की स्थापना के लिए आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में आज प्रतिभाग किया। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय प्रदेश के अंदर इन्वेस्टर्स के लिए गवर्नमेंट पॉलिसी भी है, लैंड बैंक है, कनेक्टिविटी है और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति भी है। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के वस्त्र उद्योगों के बारे में भी चर्चा की और कहा कि वहां कार्पेट उद्योग को पुनर्जीवन मिला है।

***वाराणसी, भदोही और मिर्जापुर का कार्पेट आज फिर से वह पुनर्जीवित हुआ है। अयोध्या में अगर आप आएंगे तो अयोध्या के साथ अम्बेडकरनगर जनपद, यह अपनी बेहतरीन हैंडलूम के लिए और वहां के वस्त्र उद्योग के लिए जाना जाता रहा है।***

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इन्वेस्टर्स मीट के सहभागी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतारने में योगदान देंगे। उन्होंने नवाचार को बढ़ावा देने वाले लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का चेक दिया। इस मौके पर निवेशकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये।

**********

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले , खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने गोरखपुर के भीटी रावत में बने नए खाद्यान्न भंडार गृह का आज उद्घाटन किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के अठारह भंडार गृहों का उद्घाटन किया गया है।

(बाइट–प्रहलाद जोशी

***देश में अठरह विविध राज्यों में विविध भागों में वेयरहाउस का उद्घाटन किया है। वन हंड्रेड सिक्स्टी फोर करोड़ इसमें हमने इन्वेस्ट किया है। और इधर जो है वन लाख ट्वेंटी थाउजेंड का सिंगल एक वेयर हाउस गोदाम हमने उद्घाटन किया है।***

**********

बिहार में माता सीता का मंदिर बनाया जाएगा। यह जानकारी भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज गोरखपुर में संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि इस भव्य मंदिर की घोषणा देश के गृह मंत्री अमित शाह ने की है। उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश के रिश्ते की प्रगाढ़ता की चर्चा करते हुए कहा कि दोनों प्रदेशों के लोगों ने एक दूसरे के राज्यों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि न्यायाधीश यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव उनके खिलाफ चल रही जांच प्रक्रिया से अलग है। यह बयान दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से कथित तौर पर नकदी बरामद होने की खबरों के बाद आया है।

***शीर्ष अदालत ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों वाले कॉलेजियम ने बृहस्पतिवार को इस प्रस्ताव की जांच की, इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के सलाहकार न्यायाधीशों, संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीश यशवंत वर्मा को पत्र लिखे गए। बयान में कहा गया है कि प्राप्त प्रतिक्रियाओं की जांच के बाद कॉलेजियम एक प्रस्ताव पारित करेगा। समाचार कक्ष से मैं राजेश मीणा।***

**********

भारतीय खेल प्राधिकरण कल लखनऊ में फिट इंडिया साइकिलिंग संडे का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पेटल, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया और प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव शामिल होंगे।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के दस जिलों की राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम इकाइयों को नवाचारों और रणनीतियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। यह जानकारी राज्य टीबी एसोसिएशन के प्रतिनिधि और गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान टीबी उन्मूलन की आधुनिकतम प्रक्रियाओं, नवाचारों और रणनीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ बीएम राव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरूण कुमार चौधरी और जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ गणेश यादव समेत करीब दर्जनभर विषय विशेषज्ञों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

**********

आज विश्व जल दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य वर्ष दो हजार तीस तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया है। प्रधानमंत्री का इस बात पर जोर है कि महाकुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा। इससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ आएगा और नदियों के साफ–सफाई को बल मिलेगा। विश्व जल दिवस पर वाराणसी में 'रन फॉर क्लीन' गंगा नाम से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान संकट मोचन फाउंडेशन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से छह किलोमीटर की लंबी दौड़ लगाई गई।

**********